nt>

Title: Need to provide a halt at Mandi on Jogendra Nagar-Pathankot narrow-gauge railway line and construct an overbridge at Passal with the assistance of Public Works Department of Himachal Pradesh. − Laid.

**श्री महेश्वर सिंह (मंडी) :** महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में जोगेन्द्र नगर-पठानकोट छोटी रेल लाइन पर जिला मंडी में एक मानवरहित (अनमैण्ड) रेलवे क्रॉसिंग है। इस स्थान पर पर्वतीय क्षेत्र एवं चढ़ाई होने के कारण रेलगाड़ी का इंजन कूलिंग हेतु नियमित रूप से कुछ समय के लिए रुकता है। उपभोक्ताओं की वर्षों से मांग है कि इस स्थान पर रेल के ठहराव की अनुमति प्रदान की जाए ताकि स्थानी लोगों को रेल यात्रा की सुविधा प्राप्त हो सके। इससे रेलवे को आय होगी। नियमित स्टॉपेज नहीं होने के कारण इस स्थान से रेल में चढ़कर जो लोग यात्रा करते हैं वे बिना टिकट यात्रा करते हैं।

महोदय, इसी रेल लाइन पर पस्सल नामक स्थान पर रेल प्रशासन हिमाचल प्रदेश सरकार से एक ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु 35 लाख रुपए की मांग कर रहा है जब कि वही ओवर ब्रिज तुलनात्मक दृटि हि.प्र.लोक निर्माण विभाग एक-तिहाई धन में अर्थात् लगभग 11-12 लाख रुपए में रेल इंजीनियरों की संतुटि के मुताबिक निर्माण हेतु तैयार है। इस संबंध में मैं अनेकों बार मंत्री महोदय तथा रेलवे अधिकारियों के समक्ष निवेदन कर चुका हूं, लेकिन अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। चूंकि जिस सड़क पर यह ओवर ब्रिज बनना है वह हि.प्र.लोक निर्माण विभाग की है इसलिए मेरा निवेदन है कि पुल का निर्माण भी रेलवे इंजीनियरों की संतुटि के मुताबिक हि.प्र. लोक निर्माण विभाग को निर्मित करने की अनुमति प्रदान की जाए।